"विडंबना यह है कि हम कश्मीर में मुख्यधारा की पार्टियों को अल्पसंख्यकों की हत्याओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी गई।"

—— महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्ष

## संक्षिप्त खबरें

### हस्तलेखन प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली।** जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से शालीमार बाग के एजी ब्लॉक में रविवार को हस्तलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर 29 मई को आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया। साथ में बच्चों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन की कार्यकर्ता अनीता, रविंद्र सचदेवा, रोहित कुमार, तरुण गर्ग, मेघा गर्ग, राजीव गोयल, सुशील चावला, अमित सोनी, ईश्वर गुप्ता, तरुण आहूजा, जितेंद्र बंसल, अमित सोनी, अशोक कुमार में सहयोग किया।



जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा जंतर-मंतर पर निकाली गई जन आक्रोश रैली में आए कार्यकर्ता। फोटो : एसएनबी

# कश्मीरी पंडितों का नरसंहार बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान : सिसोदिया

**आम आदमी पार्टी की ओर से आक्रोश रैली का आयोजन**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** आम आदमी पार्टी की ओर से आयोजित जन आकोश रैली को संबोधित करते हुए 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान कश्मीरी पंडितों का नरसंहार बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की लापरवाही, घटिया राजनीति व साजिश की वजह से कश्मीर में कश्मीरी भाई-बहनों पर गोलियां चल रही है।

सिसोदिया ने कहा कि हम अपने कश्मीरी भाई-बहनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हैं। आप का दर्द हमारा दर्द है। रैली को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि कश्मीर में एक बार फिर हत्याओं का सिलसिला शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले देश के अंदर कश्मीरी पंडितों के दर्द का कारोबार करने वाला ब्रिगेड आज मौन क्यों है। राय ने कहा कि घाटी में चुन-चुन कर हत्याएं हो रही है, उससे भयभीत होकर लोग घाटी छोड़ रहे है, कश्मीर से पलायन कर रहे है और प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, भाजपा और तथाकथित हिन्दुवादी ब्रिगेड चुप है। रैली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के साथ आज कई घटनाएं घटित हो रही है। पिछले दिनों कश्मीर की घाटी में आतंकवाद, टारगेट किलिंग, चुन-चुन कर लोगों को मारने की कई घटनाएं हुई है। संजय सिंह ने 90 के दशक की याद दिलाते हुए कहा कि 90 के दशक में इसी कश्मीर के अंदर कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था और सारे कश्मीरी पंडित रातों-रात वहां से भगा दिए गए। जब कश्मीरी पंडित वहां से भगाए गए थे, उस समय भी केंद्र में भाजपा के समर्थन से सरकार चल रही थी। आज 2022 में जब कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रही है, कश्मीरी पंडित वहां से पलायन कर रहे है, उस वक्त भी 56 इंच के सीने वाली मोदी जी की भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार है।

# आप का एलजी से सवाल, 10 दिनों में कितने थानों का किया निरीक्षण

**उपराज्यपाल ने शपथ वाले दिन बोला था कि मैं दिल्ली की सड़कों पर रहूंगा**

**आप की विधायक आतिशी ने कहा- 10 दिनों में दिल्ली में हुए अनेक बड़े अपराध**

**नई दिल्ली, (एसएनबी)।** दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल से सवाल किया है कि 10 दिनों में उन्होंने कितने थानों का निरीक्षण किया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि उपराज्यपाल ने शपथ वाले दिन बोला था कि मै दिल्ली की सड़कों पर रहूंगा। 10 दिनों में दिल्ली में दर्जनों गंभीर अपराध हुए है, उपराज्यपाल ने गंभीर अपराधों को लेकर पुलिस को क्या आदेश दिए है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी ने महिला पर हमला किया, लेकिन एलजी ने बैठक नहीं बुलाई।

जोर बाग मेट्रो स्टेशन पर लड़की का सेक्सुअल हैरेसमेंट हुआ। क्या उपराज्यपाल ने मेट्रो का निरीक्षण किया। क्या वह दिल्ली पुलिस के साथ जोर बाग मेट्रो स्टेशन गए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने उप राज्यपाल को निर्देश देकर भेजा है कि महिलाओं को सुरक्षा देना आपका काम नहीं, बल्कि आपका काम केजरीवाल सरकार के काम में दखलंदाजी करना है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 26 मई को नए एलजी ने शपथ ली और कहा कि मै एसी कमरे में बैठने वाला उपराज्यपाल नहीं हूं। मै दिल्ली की सड़कों पर रहूंगा और वहां से काम करूंगा। आतिशी ने कहा कि मैं उपराज्यपाल से पूछना चाहती हूं कि 26 मई से आज तक कानून व्यवस्था और दिल्ली की पुलिस को सुधारने के लिए आपने क्या किया है। कितने पुलिस थानों का निरीक्षण किया। गंभीर अपराधों को लेकर पुलिस वालों को क्या आदेश दिए। उन्होंने कहा कि 26 मई से आज तक दिल्ली में हुए गंभीर अपराधों की लिस्ट है। 27 मई को 24 साल के ऑटो चालक की संगम विहार में चाकू मारकर मर्डर कर दिया गया। 27 मई को ही 19 साल के लड़के को श्री राम कॉलोनी में मार दिया गया। 29 मई को वजीराबाद में संभल से आए हुए व्यक्ति का मर्डर हुआ। दो भाइयों को अंबेडकरनगर के बार में मार दिया गया। आप नेता ने सवाल किया कि क्या आपने संबंधित थानों का निरीक्षण किया।

# गांवों में शौचालयों के निर्माण से रेप की घटनाओं में आई कमी : पात्रा

**भाजपा प्रवक्ता ने कहा-पीएम मोदी की वजह से देश में आया बदलाव**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार द्वारा गांवों में शौचालय बनाने पर जोर दिए जाने के बाद कई राज्यों में बलात्कार की घटनाओं में कमी आई है। दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पात्रा ने केंद्र में भाजपा सरकार के आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालिका विद्यालयों के अपने दौरे और महिलाओं के साथ बातचीत के दौरान महसूस किया कि लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर लड़कों की तुलना में अधिक थी। पात्रा ने कहा कि शोध से पता चला है कि ऐसा इसलिए था, क्योंकि स्कूलों में शौचालय नहीं थे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर बलात्कार की घटनाएं उस वक्त हुई, जब महिलाएं अंधेरे में शौच के लिए बाहर जाती थीं। पात्रा ने कहा कि एक शौचालय कई पहलुओं से जुड़ा है, जिसमें गरिमा और स्वास्थ्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी ने कभी नहीं सोचा था कि एक प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए शौचालय के बारे में बात कर सकता है, लेकिन मोदी ने किया। वर्तमान में देश के छह लाख से अधिक गांव खुले में शौच से मुक्त हो गए है।

पात्रा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस और आप पर भी निशाना साधा और कहा कि पंजाब में आप के सत्ता में आने के सिर्फ 15 दिनों में अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के कारण एक मंत्री को हटाना पड़ा, जबकि मोदी सरकार के आठ वर्षो के कार्यकाल में केंद्र के किसी भी कैबिनेट मंत्री के खिलाफ एक पैसे के भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा।



राजधानी के एक परीक्षा केंद्र से यूपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : एसएनबी

## दिल्ली में लू चलने की संभावना

**नई दिल्ली, (भाषा)।** दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और शहर में दिन में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 23 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम वैज्ञानिकों ने आंशिक बादल छाए रहने, कहीं-कहीं लू चलने और दिन में 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई। विभाग ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा था, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से तीन डिग्री नीचे है और न्यूनतम तापमान औसत तापमान से एक डिग्री कम यानी 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



राजधानी में गर्मी से बचने के लिए लोग छाता, स्कार्फ और गमझे तक का इस्तेमाल कर रहे हैं। फोटो : प्रेट्र

## सब्सिडी खत्म करने से हज यात्रियों पर नहीं पड़ेगा बोझ : नकवी

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने हज यात्रियों के पहले जत्थे के दिल्ली से रवाना होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि हज सब्सिडी वापस लिए जाने के बाद भी उन पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह इस बात का सबूत है कि सब्सिडी के नाम पर दशकों से राजनीतिक छल चल रहा था। उन्होंने ट्वीट में कहा कि मोदी सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण सुधारों ने हज प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। नकवी ने रविवार को कुछ हज यात्रियों से बातचीत की। नकवी ने कहा कि इस साल 79,237 भारतीय मुसलमान हज के लिए जा रहे हैं, इनमें से 50 फीसदी महिलाएं हैं।

## राहुल गांधी से पार्टी का अध्यक्ष पद संभालने का अनुरोध

**प्रदेश कांग्रेस ने राहुल को अध्यक्ष पद संभालने का प्रस्ताव किया पारित**

**प्रदेश कांग्रेस की ओर से दो दिवसीय नव संकल्प शिविर आयोजित**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार द्वारा राहुल गांधी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित दो दिवसीय नव संकल्प शिविर के समापन के दिन पारित कर दिया गया। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि नव संकल्प शिविर के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राहुल गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में वापसी की मांग बार-बार उठाई, जिसे सर्वसम्मत से मंजूरी मिल गई। संकल्प में कहा गया है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके जैसा मजबूत नेता ही कांग्रेस को फिर से जीवंत कर सकता है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के निर्देश पर नव संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। यहां जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वरिष्ठ नेताओं को अपने विचारों, सुझावों को स्वतंत्र और स्पष्ट तरीके से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इसी पार्टी की रणनीति में शामिल किया जाएगा।

शिविर में चौ. कुमार के अलावा दिल्ली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, पूर्व सांसद रमेश कुमार और उदित राज, दिल्ली के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, डा. किरण वालिया, मंगत राम सिंघल, डा. नरेंद्रनाथ और रमाकांत गोस्वामी, पूर्व विधायक और डीपीसीसी संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, हरि शंकर गुप्ता, विजय लोचव, कुंवर कर्ण सिंह, अमरीश गौतम, राजेश लिलोठिया, भीष्म शर्मा, वीर सिंह धिंगन, अलका लांबा, डीपीसीसी उपाध्यक्ष जयकिशन, मुदित अग्रवाल और अली मेहंदी, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव, सेवा दल प्रमुख सुनील कुमार, एनएसयूआई अध्यक्ष कुणाल शेरावत, डीपीसीसी संचार विभाग के उपाध्यक्ष परवेज आलम, अभिजीत सिंह गुलाटी और डीपीसीसी कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी आदि ने भाग लिया।

## जामा मस्जिद की मुख्य गुंबद के कलश के टुकड़े लाए गए नीचे

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में तेज आंधी-बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मुगलकालीन जामा मस्जिद के मुख्य गुंबद के कलश के टुकड़ों को एक 'स्काईलिफ्ट' के जरिए छत से नीचे लाया गया।

इस प्रक्रिया में शामिल एक वैज्ञानिक ने कहा कि इस संबंध में परीक्षण और आकलन किए गए हैं तथा मंगलवार अथवा बुधवार को गुंबद से लटके कलश के भारी टुकड़ों को हटाने का प्रयास किया जाएगा। वैज्ञानिक मिर्जा एम आरिफ ने बताया कि दमकल विभाग से लाए गए एक स्काईलिफ्ट का उपयोग करते हुए कलश के टुकड़ों को नीचे लाया गया और उन्हें सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया।

## राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव आरोप-प्रत्यारोप शुरू

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार में तेजी आने लगी है। दिल्ली भाजपा के नेता एवं विधायक अजय महावर ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा के द्वारा लोकप्रिय स्थानिय नेता राजेश भाटिया को प्रत्याशी बनाये जाने से आम आदमी पार्टी बौखला गई है और अब अनर्गल आरोप लगा कर लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ को बार-बार दोहरा कर सच की तरह प्रस्तुत करती है। वहीं आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने राजेश भाटिया पर दस साल पुराने एक मामले में अनियमितता का आरोप लगाया। विधायक अजय महावर ने कहा कि बेहतर होता कि पुराने प्रायोजित आरोपों को पुनः दोहराने से पहले आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज इनकी पुष्टि कर लेते। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर पर जिस होटल को लेकर सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाए हैं, वह होटल दो वर्ष पहले ही बंद हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाटिया ने होटल संचालन के दौरान कोई अनियमितता नहीं की। उन्होंने कहा कि चुनाव में आप व कांग्रेस दोनों की हार होगी।



सोमवार से हज यात्रियों का पहला जत्था हज यात्रा के लिए रवाना होगा। रवानगी से पहले रविवार को अपने परिजनों के साथ सेल्फी लेते लोग। फोटो : प्रेट्र

# यूपी में सामने आया मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला, दिल्ली के अस्पतालों में अलर्ट

■ ज्ञानप्रकाश

**नई दिल्ली। एसएनबी**

**अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों से विदेश यात्रा की जानकारी लेने के निर्देश**

मैन टू मैन फैलने वाले अति घातक वायरस में से एक मंकीपाक्स के संदिग्ध बीमारी की दस्तक गाजियाबाद में दस्तक देने के साथ ही अब दिल्ली की स्वास्थ्य एजेंसियों की टेंशन बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों, पॉली क्लीनिक्स, निजी और सरकारी पैथलैब तक को अलर्ट जारी कर दिया है। इसके तहत संदिग्ध मरीजों के मिलने पर मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग व संबंधित एजेंसियों से साझा करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था रखने का निर्देश भी दिया गया है। दिल्ली सरकार में निदेशालय स्वास्थ्य सेवाओं की महानिदेशक डॉ. नूतन मूंडेजा ने हालांकि दावा किया है कि दिल्ली में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है, फिर भी हम अलर्ट हैं। राजधानी में पड़ोसी राज्यों से हर दिन सैकड़ों मरीजों का आवागमन रहता है। इस वजह से हमें अलर्ट रहना जरूरी है।

**घबराने की जरूरत नहीं : डॉ. शेरवाल :** डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. बीएल शेरवाल के अनुसार लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह बीमारी बहुत ज्यादा घातक नहीं है। इस मामले को लेकर कुछ दिन पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिशा निर्देश जारी किया था। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश अस्पताल को मिला है। लिहाजा अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों से विदेश यात्रा की जानकारी भी ली जा रही है। अस्पताल में अभी तक कोई संदेहास्पद मरीज नहीं मिला है। यह चेचक (स्मालपाक्स) की तरह बीमारी है। यह दो से चार सप्ताह में ठीक हो जाती है। यह चेचक की तरह ज्यादा गंभीर बीमारी नहीं है।

**पहले भी बरपा चुका है कहर :** आईएचएफ के निदेशक डॉ. आरएन कालरा के अनुसार सबसे पहले वर्ष 1970 में कुछ अफ्रीकी देशों के लोगों में इसका संक्रमण देखा गया था। इसके बाद से कई देशों में इसके थोड़े बहुत मामले आते रहे हैं। इस बार ऐसे देशों में इसका संक्रमण देखा जा रहा है, जहां पहले इसके मामले मामले नहीं आए थे, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है।

**ऐसे होता है संक्रमण :** दो जून तक 30 देशों में मंकीपाक्स के 550 मामले आ चुके थे। एक दिन पहले गाजियाबाद में एक संदेहास्पद मामला आया है लेकिन अभी मंकीपाक्स की पुष्टि नहीं हुई है। डाक्टरों के अनुसार मरीज के संपर्क में आने, त्वचा पर बने जख्म के संपर्क में आने, छींक के साथ निकले ड्रापलेट्स, मरीज द्वारा इस्तेमाल किए तौलिया व चादर के संपर्क में आने से इसका संक्रमण हो सकता है।

**कोविड जैसा खतरनाक नहीं :** मैक्स कैथलैब के निदेशक डा. विवेका कुमार के अनुसार मंकी पाक्स कोरोना वायरस जैसा खतरनाक नहीं है, फिर भी इसका प्रसार कोरोना वायरस 19 से से कई गुना तेज है। यह वायरस पीड़ित शख्स की खांसी और सर्दी ही नहीं, यह संक्रमित के कपड़ों से भी हो सकता है। कोरोना का संक्रमण होने के बाद लक्षण 3 दिनों में दिखाई देता है, जबकि मंकी पॉक्स में 21 दिनों बाद लक्षण दिखता है।